

मंकी गेट, जनवरी 2008

क्रिकेट का एक और विवाद। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी टेस्ट मैच के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर ऐंड्रू सायमंड्स ने आरोप लगाया कि ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने उन्हें बंदर कहा है। मैच रेफरी माइक प्रॉक्टर ने हरभजन सिंह पर तीन मैचों का प्रतिबंध लगा दिया। भारत ने इसके खिलाफ अपील की और बाद में उन्हें बस 50 पर्सेंट मैच फीस देकर छोड़ दिया गया। सचिन तेंडुलकर ने बाद में अपनी किताब में लिखा कि उन्होंने हरभजन सिंह को उत्तर भारत की एक गाली देते सुना था जो श्मंकीश से काफी मिलती–जुलती सुनाई पड़ती है।

## जब-जब क्रिकेट पर पड़ा नस्लवाद का साया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेट को यूं तो भद्रजनों का खेल कहा जाता है लेकिन कई बार यह खेल अपनी परंपरा से भटक जाता है। इसमें नस्लीय और रंगभेद की टिप्पणियां सुनने को मिलती हैं। इस सबकी शुरुआत होती है सन 1968 से। जब बेसिल डीश ओलिवेरा को 1968 की साउथ अफ्रीका का दौरा करने वाली इंग्लैंड की टीम से ड्रॉप कर दिया जाता है।

**जोन्स ने अमला को कहा आतंकवादी, अगस्त 2006:** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डीन जोंस के उस बयान से काफी विवाद हुआ जब उन्होंने लाइव कॉमेंट्री के दौरान हाशिम अमला के लिए आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया था। श्रीलंका और साउथ अफ्रीका के बीच कोलंबो में हुए मुकाबले में जब अमला ने कुमार संगाकारा का कैच लपका तो जोंस ने कहा, टेररिस्ट (आतंकवादी) ने एक और विकेट ले लिया। इसके बाद प्रसारणकर्ता ने जोंस को कॉमेंट्री टीम से हटा दिया।

**ओसामा मोईन सितंबर 2018:** इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली ने आरोप लगाया कि सितंबर 2015 में एशेज के दौरान एक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने कार्डिफ टेस्ट में उनके खिलाफ नस्लभेदी टिप्पणी की है। अपनी आत्मकथा में मोईन ने लिखा, एक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने मैदान पर मुझसे कहा, यह लो ओसामा।

# जहीर की सफलता उनके चरित्र की ताकत दर्शाती है


## वीवीएस लक्ष्मण ने की दिग्गज तेज गेंदबाज जहीर खान की तारीफ

क्रिकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने दिग्गज तेज गेंदबाज जहीर खान की तारीफ करते हुए सोमवार को कहा कि श्रीरामपुर से निकलकर कामयाबी की बुलंदियों तक पहुंचाने वाले जहीर खान की सफलता ने उनके चरित्र की ताकत को दर्शाया है। लक्ष्मण ने ट्विटर पर कहा, उनमें बड़े सपने देखने की हिम्मत थी और उन सपनों का पीछा करने की ठान ली थी। श्रीरामपुर से निकलकर कामयाबी की बुलंदियों तक पहुंचाने वाले जहीर खान की सफलता ने उनके चरित्र की ताकत को दर्शाया है।

उन्होंने कहा, काउंटी क्रिकेट में वोरसेस्टरशॉयर के लिए खेलते हुए उन्होंने जो सफलता हासिल की, उसने उनके करियर को फिर से परिभाषित किया और इसने उन्हें आरामदायक जोन में ला दिया।



जहीर ने अक्टूबर 2000 में केन्या के खिलाफ वनडे मैच से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। वह 2003 वर्ल्ड कप में आशीष नेहरा और जवागत श्रीनाथ के साथ भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण का हिस्सा भी थे। हालांकि उसके बाद जहीर की फॉर्म बिगड़ती गई और वह चोटों से भी घिर गए और टीम से बाहर हो गए। उन्होंने 2004 में वापसी की लेकिन गति और निरंतरता में कमी देखी गई, जिसके कारण आरपी सिंह, इरफान पठान, मुनाफ पटेल और श्रीसंत टीम में आ गए और जहीर फिर से भारतीय टीम से बाहर हो गए। जहीर ने हालांकि इसके बाद काउंटी क्रिकेट में वोरसेस्टरशॉयर के लिए खेलना शुरू किया। उन्होंने काउंटी के लिए पदार्पण करते हुए 10 विकेट चटकाए।

यह उपलब्धि हासिल करने के लिए जहीर सौ वर्षों में पहले गेंदबाज बने। अपने सफल काउंटी कार्यकाल के बाद, उन्हें 2006 में फिर से भारतीय टीम में शामिल किया गया। साल 2011 वर्ल्ड कप में महेंद्र सिंह धोनी ने जहीर के अनुभव का खूब फायदा उठाया और जहीर उस वर्ल्ड कप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी के साथ संयुक्त रूप से पहले नंबर पर थे।

जहीर ने भारत के लिए 200 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 282 विकेट लिए। इसके अलावा, उन्होंने 92 टेस्ट और 17 टी 20 मैच खेले हैं, जिनमें क्रमशरू 311 और 17 विकेट लिए। जहीर ने 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

# ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया मिलने पर माइकल क्लार्क को लगा, कोई अप्रैल फूल बना रहा है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के वर्ल्ड कप विजेता टीम के कप्तान माइकल क्लार्क को सोमवार को ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया से सम्मानित किया गया। इस तरह से वह एलन बॉर्डर और स्टीव वॉ जैसे पूर्व कप्तानों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्हें यह राष्ट्रीय सम्मान मिला है।

क्लार्क की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया ने 2015 में वर्ल्ड कप खिताब जीता था। उन्हें ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया के सामान्य डिवीजन में अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह एक तरह का सम्मान है, जो कि किसी उपलब्धि या सेवा के लिए दिया जाता है। इस समाचार पर प्रतिक्रिया करते हुए क्लार्क ने चौनल 9 से कहा,



ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगा कि कोई मुझे जून में अप्रैल फूल

एलन बॉर्डर और स्टीव वॉ जैसे पूर्व कप्तानों की सूची में शामिल हो गए हैं

बना रहा है। मैं बहुत हैरान हूं लेकिन साथ ही बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। ऑस्ट्रेलिया के जिन अन्य कप्तानों को यह सम्मान मिला है उनमें बॉबी सिम्पसन, बॉर्डर, मार्क टेलर, स्टीव वॉ और रिकी पोंटिंग शामिल हैं।

क्लार्क को एक खिलाड़ी के तौर पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट में सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया गया। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने 2015 में वर्ल्ड कप खिताब जीतने के बाद संन्यास ले लिया था। उन्होंने 115 टेस्ट में 8643 रन, 245 वनडे में 7981 रन और 34 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 488 रन बनाए।

## टी20 वर्ल्ड कप नहीं तो आयोजित करें आईपीएलः माइकल होल्डिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज माइकल होल्डिंग का मानना है कि अगर ऑस्ट्रेलिया में प्रस्तावित टी20 वर्ल्ड कप को स्थगित कर दिया जाता है तो बीसीसीआई को इस साल के अंत में इंडियन प्रीमियर लीग को आयोजित करने का पूरा अधिकार है। ऐसी अटकलें हैं कि कोविड–19 महामारी के कारण 18 अक्टूबर से 15 नवंबर के बीच प्रस्तावित टी20 वर्ल्ड कप को स्थगित किया जा सकता है। बीसीसीआई इस दौरान आईपीएल आयोजित करने की योजना पर काम कर सकता है।

होल्डिंग ने इंस्टाग्राम पर निखिल नाज से बातचीत में कहा, मुझे नहीं लगता कि आईसीसी इस मकसद से टी20 विश्व कप में देरी करेगा कि आईपीएल के लिए जगह बना सके। यह ऑस्ट्रेलियाई सरकार का कानून है, जहां वे किसी निश्चित तारीख से पहले किसी को भी देश में आने की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने कहा, अगर टी20 विश्व कप का आयोजन तय समय पर नहीं होता है तो बीसीसीआई के पास इस घरेलू टूर्नामेंट को आयोजित करने का पूरा अधिकार है।

## न्यूज डायरी



### सचिन को आउट करने के बाद मिली जान से मारने की धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लैंड की टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज टिम ब्रेसनन ने दावा किया है कि 2011 में टेस्ट के दौरान महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर को 100वें अंतरराष्ट्रीय शतक से महरूम करने के बाद उन्हें और ऑस्ट्रेलियाई अंपायर रोड टकर को जान से मारने की धमकी मिली थी।

ब्रेसनन ने कहा कि 2011 विश्व कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ तेंडुलकर ने अपना 99वां शतक पूरा किया था और ओवल में चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में वह जब 91 रन बनाकर खेल रहे थे तब उनकी गेंद पर टकर ने इस बल्लेबाज को पगबाधा करार दिया था। ब्रेसनन ने 'यॉर्कशर क्रिकेटरू कवर्स आफ' पॉडकास्ट के दौरान कहा, 'वह गेंद शायद लेग साइड से बाहर जा रही थी और ऑस्ट्रेलिया के अंपायर टकर ने उसे आउट दे दिया। वह 80 के आसपास (असल में 91) रन बनाकर खेल रहे थे और निश्चित रूप से शतक बना लेते। हम सीरीज जीते और दुनिया की नंबर एक टीम बने।'

### ...तो सुरक्षित माहौल में लार के इस्तेमाल से खतरा नहींः शॉन पोलक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज शॉन पोलक ‘ौंनद च्वससवबा) ने कहा कि अगर जैविक रूप (ठपव—ैमबनतम म्दअपतवदउमदज) से पूरी तरह सुरक्षित माहौल हो तो क्रिकेट को सामान्य तरीके से खेला जा सकता है। इस दौरान गेंद को चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल से स्वास्थ्य संबंधित जोखिम का सामना नहीं करना पड़ेगा। इंग्लैंड वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आयोजन दर्शकों के लिए बंद स्टेडियम में जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में करेगा और पोलक ने कहा कि ऐसे वातावरण में किसी भी गतिविधि पर बैन लगाने की जरूरत नहीं होगी। पोलक ने फॉलोइंग ऑन क्रिकेट पोडकास्ट से कहा, मुझे लगता है कि जो माहौल बनाया जा रहा है वह एक बुलबुले की तरह होगा। लोगों का टेस्ट किया जाएगा, वे दो सप्ताह के लिए कैंप में रहेंगे। जहां वे शरीर की स्थिति के बदलाव का आकलन करेंगे।

### न्यूजीलैंड कोरोना वायरस मुक्त, जेम्स नीशम ने देशवासियों को दी बधाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड के क्रिकेटर जेम्स नीशम ने न्यूजीलैंड के कोरोना मुक्त होने पर अपने देशवासियों को बधाई दी है। न्यूजीलैंड का आखिरी ऐक्टिव कोविड–19 मरीज ठीक हो गया है। न्यूजीलैंड में अब कोई भी कोरोना ऐक्टिव केस नहीं है। पिछले 17 दिनों से आज तक कोरोना का कोई भी सक्रिय मामला सामने नहीं आया है।

नीशम ने ट्विटर पर कहा, कोरोनावायरस फ्री न्यूजीलैंड! सभी को मुबारकबाद। एक बार फिर उन महान कीवी विशेषताओं की वजह से–योजना, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क काम करते हैं। प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डेन ने ऐलान किया है कि उनका देश लेवल–1 अलर्ट से आगे बढ़ेगा। सोमवार आधी रात से शादियों, अंतिम संस्कार और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बिना किसी पाबंदी के शुरू किया जाएगा।

### लंदन में विरोध प्रदर्शन, शामिल हुए कार्लोस ब्रेथवेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। वेस्टइंडीज के हरफनमौला क्रिकेटर कार्लोस ब्रैथवेट ने लंदन में श्ब्लैक लाइव्स मैटरश मार्च में हिस्सा लेने की अपनी फोटो पोस्ट की है। उन्होंने कुछ फोटो शेयर की हैं, जिनमें से एक में वे इंग्लैंड के फुटबॉलर अदेबायो अकिनफेनवा के साथ दिखाई दे रहे हैं।

फोटो के साथ वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ने कैप्शन में लिखा है, श्क्रांति का प्रसारण किया जाएगा। ब्लैक लाइव्स मैटर लाइव ब्रिटेन में यह विरोध प्रदर्शन अमेरिका में अश्वेत शख्स जॉर्ज फ्लॉयड की पुलिस हिरासत में हुई मौत के बाद हो रहे हैं।

इसके समर्थन में कई खिलाड़ियों ने अपनी आवाज उठाई है। शनिवार को हेवीवेट बॉक्सिंग वर्ल्ड चौम्पियन एंथोनी जोशुआ ने इस मार्च को संबोधित किया और कहा, श्इस वायरस को महामारी घोषित कर दिया गया है। यह नियंत्रण से बाहर है। मैं कोविड–19 के बारे में बात नहीं कर रहा।